UP: औरैया में नकली खाद का बड़ा खेल उजागर, 1000 बोरियां बरामद, 5 गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में नकली खाद बनाने वाले बड़े गिरोह का खुलासा हुआ है. जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक किराए के मकान से 1000 से अधिक नकली खाद की बोरियां बरामद की गईं. पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पकड़े गए लोगों की पहचान सनी चौहान, नीरज चौहान, सुनील चौहान, चीनू चौहान और चरण सिंह के रूप में हुई है.

Source: [https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/auraiya-nakli-khad-gang-busted-lclcn-strc-2322397-2025-08-31](https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/auraiya-nakli-khad-gang-busted-lclcn-strc-2322397-2025-08-31)